
# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# नहरों के सुदृढीकरण व विस्तारीकरण योजनाओं को स्वीकृति दिए जाने का अनुरोध

**मुलाकात**

## मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से भेंट की

**संवाददाता**

नई दिल्ली/देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शुक्रवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से भेंट की। भेंट के दौरान मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री के समक्ष 'प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना' के तहत हर खेत को पानी योजना के अन्तर्गत पर्वतीय राज्यों हेतु मानकों में परिवर्तन या शिथिलीकरण प्रदान किये जाने का प्रकरण रखा। जिसमें सरफेस माईनर इरिगेशन स्कीम में नहरों की पुनरोद्धार जीर्णोद्वार, सुदृढ़ीकरण तथा विस्तारीकरण की योजनाओं को भी स्वीकृति प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पर्वतीय क्षेत्रों में नहर निर्माण की लागत अधिक होने के कारण वर्तमान प्रचलित गाईडलाईन रूपये 2.50 लाख प्रति हैक्टेयर लागत की सीमा को बढ़ाकर 3.50 लाख प्रति हैक्टेयर किये जाने का अनुरोध भी किया।



केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से मुलाकात करते सीएम।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने 2021 में हरिद्वार में होने वाले महाकुम्भ के दृष्टिगत हरिद्वार में एक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री से अनुरोध किया। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री ने इसके लिए प्रस्ताव भेजने को कहा। इस अवसर पर नमामि गंगे की प्रगति पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना' के अन्तर्गत 651 लघु सिंचाई योजना की अवशेष केन्द्रांश की धनराशि रूपये 63.57 करोड़ की मांग का प्रस्ताव केन्द्र को भेजा गया है, इस निर्माणाधीन योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण किये जाने हेतु यह धनराशि यथाशीघ्र अवमुक्त किये जाने का उन्होंने केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री से अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की 349.39 करोड़ रूपये की 422 लघु सिंचाई की नई योजनाओं का प्रस्ताव केन्द्रीय जल आयोग, आगरा के माध्यम से भारत सरकार को प्रेषित किया गया है, जिसे 19524 हैक्टेयर सिंचन क्षमता सृजित किये जाने का प्रस्ताव है। उक्त योजना स्वीकृत कर वित्तीय वर्ष 2019–20 में रूपये 27.97 करोड़ केन्द्रांश अवमुक्त किये जाने का भी अनुरोध किया। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से भेंट दौरान "जल जीवन मिशन" जैसे अंत्यंत महत्वपूर्ण एवं महत्वकांक्षी योजना पर चर्चा की।

केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र शेखावत ने मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत के अनुरोध पर समुचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र शेखावत ने मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र द्वारा दिये गये सुझावों पर समुचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## न्यूज डायरी

### ट्रक की चपेट में आने से 12 वर्षीय बालिका की मौत

**संवाददाता** देहरादून। सहसपुर मुख्य बाजार में सड़क किनारे खड़ी 12 वर्षीय बालिका की ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे के बाद चालक घटनास्थल से कुछ दूरी पर ट्रक छोड़ कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतका महविश पुत्री अफजाल निवासी लक्ष्मीपुर थाना सहसपुर शुक्रवार दोपहर अपने पिता के साथ किताबें खरीदने सहसपुर मुख्य बाजार में आई हुई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पिता किताबें खरीद रहे थे, जबकि वह सड़क किनारे खड़ी थी। इस दौरान सेलाकुई की ओर से आ रहे ट्रक ने उसे चपेट में लिया। ट्रक का पिछला टायर उसके सिर पर चढ़ गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सीएचसी सहसपुर में उसका पंचनामा भरा गया।

### डीजीपी ने ली राज्य रेलवे सुरक्षा व्यवस्था समिति की उच्चस्तीरय बैठक

**संवाददाता** देहरादून। पुलिस महानिदेशक अनिल के० रतूड़ी की अध्यक्षता में राज्य रेलवे सुरक्षा व्यवस्था समिति की एक उच्चस्तीरय बैठक आयोजित हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि जी०आर०पी द्वारा रेलवे स्टेशन हरिद्वार एवं देहरादून के रेलवे परिसर यात्री एवं उनके सामान की सुरक्षा, आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं आगामी कुम्भ मेला 2021 के दृष्टिगत अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे स्थापित किये जाने के प्रस्ताव पर आरपीएफ एवं रेलवे द्वारा आश्वासन दिया गया। ट्रेनों पर पत्थरबाजी करने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध आवश्यक कठोर कार्यवाही की जाये।

### पियाजिओ इंडिया ने लॉन्च किया वेस्पा फ्यूल इंजेक्शन बीएस–6

**संवाददाता** देहरादून। भारत स्टेज एमिशन स्टैंडर्ड–6 (बीएस–6) का अनुपालन करने के लिए, पियाजियो इंडिया ने अपने ब्रांड वेस्पा और अप्रिलिया स्कूटर रेंज में फ्यूल इंजेक्शन तकनीक शामिल की है। इस लॉन्च के साथ, पियाजियो इंडिया ने क्लीनर टेक्नोलॉजी की तरफ एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। इस तकनीकी परिवर्तन से न केवल उपभोक्ता के राइडिंग एक्सजपीरियंस में वृद्धि होगी, बल्कि इस अनुपालन से भारत में बने दोपहिया वाहनों की पियाजियो रेंज पर्यावरण के उद्देश्यों को भी पूरा करेगी। अप्रिलिया एसआर रेंज में 11.00 पीएस पीक पॉवर के साथ नया हाई परफॉर्मेंस वाला 160 सीसी इंजन शामिल है और अपने चालक को असाधारण मस्ती देने के लिए तैयार है।

## नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत का कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत



नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते हुए।

**संवाददाता** हरिद्वार। भाजपा के वरिष्ठ विधायक बंशीधर भगत को उत्तराखंड भारतीय जनता पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष भाजपा हाईकमान द्वारा बनाए जाने पर खुशी का इजहार करते हुए पूर्व कृषि उत्पादन मंडी समिति अध्यक्ष, भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय चोपड़ा की अगुवाई में माँ गंगा की विशेष पूजा अर्चना कर भाजपा के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत के उज्जवल भविष्य की कामना की। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत को पुष्प गुच्छ देकर गर्मजोशी के साथ भाजपा के समर्थन में नारेबाजी करते हुए भव्य स्वागत किया।

## जल्द खत्म होगा आदमखोर गुलदार का आतंक

**चुनाव**

### वन विभाग ने तीन शूटरों से किया संपर्क

**संवाददाता**

हरिद्वार। तीन लोगों की जान लेने वाला आदमखोर गुलदार से बीएचईएल के आसपास के लोगों को बहुत जल्द राहत मिलने वाली खबर है। सब कुछ ठीक रहा तो बहुत जल्द खत्म होगा आदमखोर गुलदार का आतंक। जी हां,तीन लोगों को मारने वाला आदमखोर गुलदार को मारने के लिए वन विभाग ने 3 शूटरों से संपर्क किया है। गुलदार को मारने के लिए वन विभाग के अधिकारियों ने गढ़वाल के दो और उत्तर प्रदेश के बिजनौर के शार्प शूटरों से संपर्क किया। वन विभाग की माने तो तीनों ही शार्प शूटर रविवार या सोमवार तक अपने साजो सामान के साथ हरिद्वार पहुंच जाएंगे।

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि तीनों शूटरों ने यहां आने की अपनी सहमति जता दी है। भेल क्षेत्र में 3 लोगों की जान लेने वाले गुलदार को आदमखोर घोषित किए जाने के एक दिन बाद ही वन विभाग ने गुलदार को मारने के लिए तीन शार्प शूटरों से संपर्क कर लिया है। डीएफओ आकाश वर्मा की मानें तो गुलदार को मारने के लिए गढ़वाल से शार्प शूटर मिस्टर जॉय और लखपत सिंह से संपर्क हो चुका है जबकि उत्तर प्रदेश के बिजनौर शहर के शॉर्प शूटर नबाब आसिफ से भी संपर्क किया गया है। वर्मा के अनुसार तीनों शॉर्प शूटरों ने आदमखोर गुलदार को मारने के लिए अपनी सहमति दे दी है।

डीएफओ आकाश वर्मा वर्मा से पूछा गया कि आखिर कैसे यह चयनित हो पाएगा कि आदमखोर गुलदार कौन सा है इस सवाल के जवाब में बीएफ आकाश वर्मा का कहना है कि जो कैमरे अलग–अलग क्षेत्रों में लगाए गए हैं तथा जहां–जहां भी उस आदमखोर गुलदार के आने की सूचना एवं विभाग को प्राप्त होती रही है उनके कदमों के निशान उनकी हाइट तमाम व्यवस्थाओं के आधार पर ही इस कार्य को अंजाम दिया जाएगा।

# राज्य को प्रतिवर्ष कुल 10696.72 लाख धनराशि की आवश्यकता

### ग्रामीण आजीविका मिशन को पूर्वोत्तर राज्यों की भांति विशेष पैकेज देने का अनुरोध

**संवाददाता**

नई दिल्ली/देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर से भेंट कर उत्तराखण्ड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन को पूर्वोत्तर राज्यों की भांति विशेष पैकेज देने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके लिए बजट आवंटन में निर्धनता अनुपात के साथ ही पलायन की समस्या को भी आधार के रूप में लिया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत योजना के प्रारम्भ से वर्तमान तक 13 जनपदों के 95 विकासखण्डों में कार्य किया जा रहा है। अपने उद्देश्य की पूर्ति हेतु यूएसआरएलएम द्वारा स्वयं सहायता समूहों तथा उनके उच्च स्तरीय संगठनों का गठन कर लिया गया है। 16422 समूहों की सूक्ष्म ऋण योजना तैयार करते हुये उन्हें आजीविका गतिविधियों से जोड़ने के लिए समूहों को सीआईएफ एवं बैंक लिंकेज कर ऋण उपलब्ध कराया गया है। सूक्ष्म ऋण योजना के आधार पर राज्य में गठित समूहों द्वारा 65 प्रकार की आजीविका सम्वर्धन गतिविधियों का चयन किया गया है। समूहों की क्षमता विकास करते हुए उन्हे सतत् आजीविका के साधन उपलब्ध कराये जाने हैं, जिसके लिए इन समूहों को निरन्तर प्रशिक्षण की आवश्यकता है।

राज्य को प्रतिवर्ष कुल 10696.72 लाख धनराशि की आवश्यकता होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्वतीय व सीमांत जनपदों में स्थानीय स्तर पर आजीविका क्रियाकलापों को सुदृढ़ किया जाना जरूरी है। इसके लिए निर्धनता अनुपात के साथ–साथ पलायन व अति संवेदनशील सीमांत जनपदों व दैवीय आपदा से प्रभावित क्षेत्रों में आजीविका के माध्यम से पलायन रोकने के दृष्टिगत उत्तराखण्ड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन को पूर्वोत्तर राज्यों की भांति विशेष पैकेज दिया जाए।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर एडीएम ने ली बैठक

**संवाददाता** देहरादून। अपर जिलाधिकारी प्रशासन व उप जिला निर्वाचन अधिकारी रामजी शरण शर्मा की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में 10 वें "राष्ट्रीय मतदाता दिवस" को दृष्टिगत कार्यक्रम गतिविधि के आयोजन हेतु स्वीप कोर कमेटी की बैठक आयोजित करते हुए मतदाता दिवस के अवसर पर आयोग के निर्देशों के अनुपालन में जनपद में निर्वाचन साक्षरता क्लब मतदाता जागरूकता मंच आदि स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करते हुए शपथ भी दिलानें के भी निर्देश दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त विभागोंध्तहसीलध्समस्त शैक्षिक संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित करवाते हुए तथा आयोग द्वारा नियत शपथ ग्रहण करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने आवेदकों को ऑफलाईन तहसील जिला निर्वाचन कार्यालय पर याऑनलाईन आवेदन करवाने के भी निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये।